# प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 06.06.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

## 1. गला दबाकर हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार थाना सिविल लाईन्सः-



अवगत कराना है कि दिनांक 06.06.2024 को वादी श्री परमानन्द पुत्र हरचरण सिह निवासी मौ0 हलदू सराय थाना कोतवाली जनपद संभल ने आरोपी द्वारा स्वंय की पत्नी की गला दबा कर हत्या कर देने के संबध में थाना सिविल लाईन्स पर तहरीर दी, तहरीरी सूचना के आधार थाना सिविल लाईन्स पर मु0अ0सं0- 500/2024 धारा-302 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 06.06.2024 को उ0नि0 राजेन्द्र सिंह थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपी नीटू उर्फ नीटू लाल पुत्र अनेक पाल निवासी मौहल्ला पबासा थाना बहजोई जनपद सम्भल को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**2. अवैध गांजा के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार थाना सिविल लाईन्सः-**



अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अवैध मादक पदर्थो के निर्माण/ तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने एवं संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 06.06.2024 को उ0नि0 मेघराज सिंह थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त निजार खां पुत्र फिदा खां निवासी ग्राम बिशनपुर भीमाठेर थाना सिविल लाईन जनपद मुरादाबाद को अवैध 01 किलो 900 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना सिविल लाईन्स पर मु0अ0सं0- 501/2024 धारा- 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**3. अवैध तमंचा-कारतूस के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार थाना भोजपुरः-**



अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अवैध शस्त्र निर्माण/ तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने एवं संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 06.06.2024 को उ0नि0 अमित कुमार थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त मुशरर्फ पुत्र अशरफ निवासी गुलाबबाडी कस्बा व थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद को अवैध एक देशी तमंचा व 01 कारतूस .12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया । इस संबंध में थाना भोजपुर पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 233/2024 धारा- 3/25 आयुद्ध अधिनियम पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**4. अवैध चरस के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार थाना पाकबड़ाः-**




अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अवैध मादक पदर्थो के निर्माण/ तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने एवं संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 06.06.2024 को उ0नि0 प्रमोद कुमार थाना पाकबडा जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त मौ0 आसिफ पुत्र मौ0 कासिम निवासी ग्राम चुचैला कलां थाना मण्डी धनौरा जनपद अमरोहा को अवैध 01 किलो 60 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना पाकबड़ा पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0-193/2024 धारा- 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**5. दहेज के लिए प्रताडित कर फांसी लगाकर हत्या करने के 02 आरोपीगण गिरफ्तार थाना ठाकुरद्वाराः-**



अवगत कराना है कि दिनांक 19.05.2024 को वादी निवासी थाना कुण्डां जनपद उधमसिंह, उत्तराखण्ड क्षेत्रान्तर्गत ने आरोपीगण द्वारा वादी की पुत्री से दहेज की मांग कर मारपीट, प्रताडित करते हुये वादी की पुत्री की फांसी लगाकर हत्या कर देने के सम्बन्ध तहरीर दी, तहरीरी सूचना के आधार पर थाना ठाकुरद्वारा पर मु0अ0सं0-224/2024 धारा- 498ए/304बी/323 भादवि0 व 3/4 दहेज अधिनियम पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 06.06.2024 को उ0नि0 विपिन कुमार थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपीगण1. वेदप्रकाश पुत्र भोला सिंह, 2. मगनो उर्फ मंगो देवी पत्नी वेदप्रकाश निवासीगण ग्राम इनायतनगर थाना ठाकुरद्वारा, जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**6. अवैध तमंचा-कारतूस के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार थाना ठाकुरद्वाराः-**



अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अवैध शस्त्र निर्माण/ तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने एवं संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 06.06.2024 को उ0नि0 त्रिवेन्द्र सिंह थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त महफूज पुत्र इकराम निवासी ग्राम शरीफनगर थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद को अवैध एक तमंचा व 01 कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना ठाकुरद्वारा पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 251/2024 धारा- 3/25 आयुद्ध अधिनियम पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## 7. बैटरी व सोलर पैनल की सैल चोरी करने के 02 आरोपीगण गिरफ्तार थाना भोजपुरः-



अवगत कराना है कि दिनांक 27.02.2024 को वादिनी निवासनी थाना भोजपुर क्षेत्रान्तर्गत नें अज्ञात चोरो द्वारा रात्रि में कम्पोजिट विद्यालय ग्राम ठीकरी के आफिस का ताला तोडकर सोलर पैनल की 60 सैल (बैटरी) चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में तहरीर दी, तहरीरी सूचना के आधार पर थाना भोजपुर पर मु0अ0सं0- 70/2024 धारा-380/457 भा0द0वि0 तथा वादी श्री रामप्रताप पुत्र भानू प्रताप निवासी मंगल पाण्डे नगर जनपद मेरठ ने अज्ञात चोरो द्वारा ग्राम जैतपुर से रिलांयस जीओ के टावर से बैटरी चोरी करने के सम्बन्ध मे तहरीर दी, तहरीरी सूचना के आधार पर थाना भोजपुर पर मु0अ0सं0- 90/2024 धारा-379 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया । विवेचना / साक्ष्यो के आधार पर मुकदमा उपरोक्त की चोरी की घटनाओ में अभियुक्त 1.विक्की पुत्र गजराम निवासी ग्राम बीजना थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद, 2.मोसिम पुत्र भोला निवासी ग्राम हमीरपुर थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद के नाम प्रकाश में आये । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध/अपराधीयो, चोरी की घटनाओ पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने / चोरी की घटनाओ के अनावरण व संलिप्त अपराधीयो की गिरफ्तार हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत तथा विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 06.06.2024 को 1.विक्की पुत्र गजराम व 2.मोसिम पुत्र भोला उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तगण के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से संबंधित चोरी सोलर पैनल के 04 सेल व 01 बैटरी बरामद किये गये । बरामदगी के आधार पर उक्त अभियोगो में धारा 411 भा0द0वि0 की वृद्धि की गयी । अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है ।

## 8. जनपदीय पुलिस द्वारा शान्ति भंग करने के 05 आरोपियो को किया गिरफ्तारः-








अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 06.06.2024 को **थाना कटघर पुलिस** द्वारा कानून एवं शान्ति व्यवस्था भंग कर रहे आरोपी संजय पुत्र श्यामलाल निवासी महबुल्लागंज प्रभात मार्किट थाना कटघर जनपद मुरादाबाद, **थाना पाकबड़ा पुलिस** द्वारा आरोपी तेजपाल उर्फ टीटू पुत्र सूखा सिंह निवासी ग्राम नगलिया थाना डिडौली जनपद अमरोहा, तथा **थाना सोनकपुर पुलिस** द्वारा आरोपीगण 1. हरकिशोर पुत्र गिरवर सिंह, 2. मुनेश पुत्र गोपाल सिंह, 3.सुरेश पुत्र गोपाल सिंह निवासीगण ग्राम मुड़िया जैन थाना सोनकपुर जनपद मुरादाबाद को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं शान्तिव्यवस्था कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा 151/107/116 Cr.P.C में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।